# राहुल गांधी की 25 गारंटियों पर देश को भरोसा

## कांग्रेस की सरकार देगी महिलाओं को हर साल एक लाख रुपए, 30 लाख नौकरी की गारंटी के साथ किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य और किसानों की कर्ज माफी होगी : राजेंद्र साहू

(न्यूज12 भारत)

कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू ने आज दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में जनसंपर्क करते हुए चुनाव प्रचार किया। दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के मोहलाई, नगपुरा, बोरई, रसमड़ा, अंजोरा, थनौद, विनायकपुर, अंडा, तिरगा, निकुम, आलबरस में नागरिकों से मुलाकात की। कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि महंगाई कम करने और हर साल दो करोड़ रोजगार देने का वादा कर भाजपा ने दस साल पहले केंद्र





में सरकार बनाई लेकिन न महंगाई कम हुई, न हर साल दो करोड़ लोगों को रोजगार मिला। उलटे महंगाई कई गुना बढ़ गई। कई करोड़ बेरोजगार बढ़ गए। किसानों की आय दोगुना करने का वादा भी पूरा नहीं किया गया। केंद्र की भाजपा सरकार ने जनता से किया कोई भी वादा पूरा नहीं किया।

राजेंद्र ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पूरे देश को यह गारंटी दी है कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर महिलाओं को हर साल एक लाख रुपए दिये जाएंगे। इसी तरह किसानों की कर्जमाफी के लिए आयोग का गठन किया जाएगा। एमएसपी बढ़ाने की दिशा में अनिवार्य और ठोस पहल की जाएगी। मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी 4 सौ रुपए दी जाएगी। 30 लाख बेरोजगारों को रोजगार दिया जाएगा और सभी युवाओं को ट्रेनिंग के लिए एक लाख रुपए दिये जाएंगे। राहुल गांधी की पांच न्याय योजनाओं और 25 गारंटियों से देश के नागरिकों में नया भरोसा पैदा हुआ है। उन्होंने दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों से कांग्रेस को वोट के साथ समर्थन और सहयोग देने की अपील की।

जनसंपर्क के दौरान पूर्व विधायक प्रतिमा चन्द्राकर, मोहन हरमुख, हरेंद्र देशमुख, तुलसी देशमुख, प्रदीप शर्मा, देवराज, जनपद सदस्य, अजय वैष्णव, सरपंच ममता साहू, पूर्व सरपंच कचरा बाई ठाकुर, लालजी गुप्ता, भागवत साहू, ईश्वर साहू, अनिल बाफना, पन्ना साहू, संतोष रामटेके, धरती साहू, आशा देशमुख, प्यारेलाल देशमुख, भुरू देशमुख, मयंक देशमुख, देवीसिंह देशमुख, डालराम देशमुख, शिवलाल चक्रधारी, कृष्णा देवांगन, रामकृष्ण मिश्रा, भरत निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## धनबाद के जिला अध्यक्ष रविकांत शर्मा ने दुल्लू महतो को बुके एवं माला पहनाकर मोर्चा की ओर से दी बधाई



(न्यूज12 भारत)

भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा ग्रामीण जिला धनबाद के जिला अध्यक्ष एवम् सिन्दरी नगर ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष श्री रविकांत शर्मा जी ने संयुक्त रूप से अपने मोर्चा के सदस्यों के साथ धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रत्याशी ढुल्लू महतो जी को बुके एवं माला पहनाकर मोर्चा की ओर से बधाई दिए एवम् मोर्चा के आगामी कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। श्री रविकांत शर्मा जी ने ढुल्लू महतो जी को सिन्दरी नगर ओबीसी मोर्चा के द्वारा किए जा रहे तैयारी के विषय में बताया और उनके जीत में ओबीसी मोर्चा का सर्वाधिक योगदान रहेगा इस बात का भी विश्वास दिलाया। बधाई देने वालों में सिंदरी नगर ओबीसी अध्यक्ष श्री रविकांत शर्मा, महामंत्री श्री सुनील शर्मा, जिला अध्यक्ष श्री महादेव कुंभकार, महामंत्री श्री राजेश कुमार दास, जिला मंत्री श्री चंडी प्रसाद महतो, जिला मीडिया प्रभारी श्री विश्वनाथ पाल, मीडिया सह प्रभारी श्री दशरथ मंडल, श्री दिलीप कुमार मंडल, एवं श्री शक्तिपदा गोराई उपस्थित थे।

## अतरी विधानसभा की महान जनता और कार्यकर्ता बिहार में 40 और देश में 400 के लक्ष्य पूरा करने में जुटे हैं - डॉ. चन्दन यादव

(न्यूज12 भारत)

गया।आगामी लोकसभा चुनाव को ले कर जनता दल यूनाइटेड, बिहार के अतरी विधानसभा प्रभारी ने अतरी के विभिन्न गाँव में संपर्क अभियान चलाया एवं जनता दल यूनाइटेड द्वारा आयोजित खिजरसराय प्रखंड बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया, जहाँ डॉ. यादव का प्रखंड अध्यक्ष पिंकी कुमारी जी एवं पंचायत अध्यक्षयों ने अंग वस्त एवं फूल माला से स्वागत किया है ।डॉ. यादव ने संगठन के विभिन्न स्तर पर समीक्षा किया एवं उपस्थित सभी जदयू नेताओं के बातों को गंभीरता से सुना, सभी कार्यकर्ताओं एवं नेताओं से एक स्वर में कहा कि हमारे नेता श्री नीतीश कुमार जी है एवं उनको मजबूत करना हम कार्यकर्ताओं का प्रथम लक्ष्य है।

इस मौके पर डॉ. यादव ने कहा कि पिछले बार हम सभी





पूरे बिहार के कार्यकर्ता ने पूरी ईमानदारी से नेता के कार्यों को जनता तक पहुंचाया था, जिसका परिणाम रहा कि पूरे बिहार से जनता मालिक का आशीर्वाद मिला और एनडीए ने 39 सीट जीता था इस बार हम सभी मिल कर अपने नेता के नारों को साकार करेंगे और देश के 400 सीटों में बिहार से 40 के 40 सीट जनता के आशीर्वाद जीता के भेजेंगे ।

विधानसभा प्रभारी डॉ.यादव ने सभी नेताओं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एक कार्यकर्ता के लिए पार्टी माँ के समान होती है जो अपने कार्यकर्ताओं के हितों की रक्षा करती है एवं उसको यह अधिकार देती है की वो सशक्त हो कर सामाजिक रक्षा कर सकें, इसलिए हम सभी कार्यकर्ताओं का यह कर्तव्य बनता है कि हम सभी मिल कर पार्टी को मजबूत करें।डॉ. यादव ने कहा कि हमारे नेता आदरणीय नीतीश कुमार ने बिहार के विकास में जो योगदान किया है उसे राजनीतिक भावना में लोग जो कह लें मगर उसको कोई दरकिनार नहीं कर सकता एवं राष्ट्रीय स्तर पर देश के प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी ने अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर जो देश की छवि बनाई है और देश को मजबूत करने का जो प्रयास किया है उसे बिहार और देश देख रहा है, सभी कार्यकर्ता इन कामों को ले कर जाए और जनता से उनका आशीर्वाद मांगे, इन बार बिहार से 40 से 40 सीट हम सभी जनता के आशीर्वाद से जीत रहें है।

## पूर्व राज्य सभा सांसद मोदी के स्वास्थ्य के लिए मा मंगला सै प्रार्थना - डा मनीष पंकज मिश्रा



(न्यूज12 भारत)

गया।भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के स्वास्थ लाभ के लिए भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के जिला सह प्रभारी डॉ मनीष पंकज मिश्रा सहित भाजपा नेताओं के द्वारा माँ मंगला गौरी शक्ति पीठ में पूजा पाठ कर हवन कर, जल्द स्वस्थ होने की माता रानी से कामना की।

इस अवसर पर डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा की सुशील मोदी भाजपा के बड़े नेता हैं, उनके नेतृत्व में बिहार प्रदेश भाजपा संगठन काफी मजबूती प्रदान किया है, आज लोकसभा 2024 के चुनाव में उनके अनुपस्थिति भाजपा कार्यकर्ताओं को बहुत खल रही है, क्यूंकि उन्होंने सर्वदा भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाने का कार्य किया है। माता रानी से प्राथना करते हैं की जल्द स्वस्थ होकर 2024 के लोकसभा चुनाव में पूनः हम सभी कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दें। आज के पूजा में युवा मोर्चा के अध्यक्ष आकाश गिरी, महेश यादव, बबलू गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल हुए हैं।

# अनुपमा सिंह ने इंडिया गठबंधन के द्वारा आयोजित रांची में उलगुलान न्याय महारैली में हुई उपस्थित

(न्यूज12 भारत)

धनबाद : धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में एवं धनबाद लोकसभा इंडिया महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती अनुपमा सिंह जी की उपस्थिति में हजारों हजार की गाड़ियों की काफिला के साथ इंडिया गठबंधन के द्वारा आयोजित रांची में उलगुलान न्याय महारैली कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज की एवं महारैली को ऐतिहासिक बनाने का काम किया!



मौके पर धनबाद लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने कहा कर केंद्र सरकार के ईशारे पर हेमंत सोरेन पर की गई कार्रवाई एवं गिरफ्तारी के बाद मोदी सरकार ने अपने चाल,चेहरा और चरित्र का परिचय दिया हैं,भाजपा हमेशा निम्न स्तरीय व प्रतिशोध की राजनीति करती है,झारखंड के साथ-साथ दिल्ली में क्या हुआ यह जगजाहिर है,देश में तानाशाही हावी हो गई हैं,इसे हर हाल में रोकना है,लोकतंत्र और संविधान को बचाना है,आगे उन्होंने कहा कि जनता ने जिनको जनादेश दिया उन्हें और अस्थिर किया गया,भाजपा के इस षड्यंत्र की वजह से झारखंड में नेतृत्व परिवर्तन करना पड़ा,झारखंड में अब निश्चित रूप से अब उलगुलान का समय आ गया है,मोदी सरकार ने हमेशा गैर भाजपा शासित प्रदेशों को तोड़ने एवं तबाह करने का प्रयास किया है,जनता भाजपा के निम्नस्तरीय क्रियाकलाप से रूबरू हो गए हैं,लोगों का इंडिया महागठबंधन व कांग्रेस के प्रति विश्वास जगा हैं,महारैली के माध्यम से लोगों ने भाजपा सरकार को जाहिर कर दिया की झारखंड में तानाशाही को हावी होने नहीं देंगे,2024 के लोकसभा चुनाव में देश की जनता मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी!

मौके पर जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा की धनबाद लोकसभा से हजारों हजार की संख्या में सहित पूरे झारखंड से लाखों लाख लोग चलकर रांची में आयोजित उलगुलान न्याय महारैली में शामिल हुआ हैं,निश्चित रूप से 2024 के लोकसभा चुनाव में झारखंड से भाजपा का सफाया होना तय हैं!

जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी सचिव शमशेर आलम झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिजीत राज आलम, राम गोपाल भूवानीया, राजेश्वर यादव, योगेन्द्र सिंह योगी, मंटु दास, वकील बाउरी, लक्ष्मण तिवारी, कयूम खान, कुमार गौरव, गुड्डू खान,राजू दास, गोपाल कृष्ण चौधरी, सिता राना, , हरेंद्र शाही, असद कलिम, जीतेश सिंह, संतोष राय, दिलीप मिश्रा, दिपक सिंह, अजय सिंह, इम्तियाज अली, डीएन यादव, आंनद मोदक, मनोज कुमार हाड़ी पप्पू पासवान,जयप्रकाश चौहान, संतोष मोदक, अजय कुमार, शरीफ अंसारी, बीरेन्द्र गुप्ता, तबरेज खान, जियाउल हुसैन, राम कृपाल गोस्वामी, बीरेन्द्र बहादुर, टिंकू अंसारी, उमेश रविदास, धनेशवर सिंह, रखाल दास, अनू पासवान, अरविंद सैनी,सुरज वर्मा, देंवती देवी, सहित सैकड़ो कांग्रेसजन उपस्थित थे!